## सार-समाचार

### तीन आरोपियों को सजा सुनाई

**डूंगरपुर, (निसं)।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने एक पुलिसकर्मी के साथ मारपीट के मामले का निस्तारण करते हुए तीन आरोपियों को 3 वर्ष का कारावास और 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण के अनुसार पुलिस लाइन क्वार्टर में निवासरत कांस्टेबल नाथूलाल मीणा ने 27 मार्च 2017 को कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज कराया कि दोपहर में पुलिस लाइन अपने क्वार्टर की ओर जा रहा था कि पुलिस लाइन के परकोटे के पास तीन व्यक्ति बैठे हुए थे। जिस पर उसने अकारण बैठने पर फटकार लगाई। फटकार लगाने पर तीनों आरोपी भैरोसिंह पुत्र लोकेंद्र सिंह बाबरी खेड़ा थाना ऋषभदेव, खुमानपुर निवासी चंद्रपाल सिंह पुत्र सज्जन सिंह थाना आसपुर, नागेंद्र सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी वागदरी हाल जयहिंद नगर थाना कोतवाली ने उसके साथ जमकर मारपीट की तथा पूर्व केंद्रीय विद्यालय जो कि पुलिस लाइन परकोटे के पास स्थित था केंद्रीय विद्यालय के कमरे में ले जाकर बंद कर दिया और उसके जेब से 350 रुपए भी निकाल लिए। इस दौरान पुलिसकर्मी नाथूलाल का दांया पांव भी मारपीट की वजह से टूट गया। उसके चिल्लाने पर विद्यालय का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोहनलाल और विद्यालय के प्राचार्य आए। साथ ही सूचना मिलते ही कांस्टेबल शंकरलाल, लक्ष्मण, मांथीलाल मौके पर पहुंच गए। साथ ही पुलिस गश्त दल भी मौके पर पहुंचा और उसे चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सा प्रारंभ की गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पुलिस द्वारा चार्जशीट पेश की गई। जिस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामले की गंभीरता देखते हुए तीनों आरोपियों को तीन वर्ष का कारावास और 10 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया है। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी एक अन्य पुलिसकर्मियों के साथ भी मारपीट करने के अलावा अन्य प्रकरण भी विचाराधीन है।

### मारपीट में घायल युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** मारपीट में घायल युवक की मौत होने पर पुलिस न ऋषभदेव थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषभदेव कस्बे के कानपुर जावर गांव निवासी बाबूलाल (36) पुत्र हूरजी की तबीयत खराब होने पर गत दिनों परिजनों ने उसे उपचर के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर ऋषभदेव थानाधिकारी घनश्याम सिंह देवड़ा ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दिलीप निवासी बिखल के खिलाफ मारपीट करने से बाबूलाल की मौत होने का प्रकरण दर्ज किया। अनुसंधान में पता चला कि 1नवंबर को आपसी कहासूनी होने पर दिलीप ने मारपीट की थी। घटना के कुछ दिनों बाद तबीयत खराब होने पर उसे चिक्तिसालय ले गए थे। इसी तरह सायरा थाना क्षेत्र सेमड गांव निवासी डालकीबाई (70) पत्नी अम्बालाल मेघवाल मंगलवार सांय खेत से चारा लेकर घर लौट रही थी। जहां बीच रास्ते पिछे आ रही अनियंत्रित बाइक ने उसे टक्कर मार दी थी। इसका पता चलने पर परिजनों ने उसे घायल अवस्था में पदराड़ा चिकित्सालय पहुंचाया। जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर यशवन्तसिंह झाला ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।**शहर के सविना थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से मुक बधिर युवक की मौत हो गई। अन्यत्र हादसे में घायल वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनों सविना थाना क्षेत्र महाराज का अखाड़ा रेल्वे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत हो गई। जिसे पुलिस ने मोर्चरी में रखवाया। मंगलवार को सविना थाना पुलिस ने एमपीआर दर्ज होने पर परिजन उसे मोर्चरी देखने पहुंचे। जहां परिजनों ने मृतक की विजयसिंह पथकि नगर कच्ची बस्ती सविना निवासी सायर लौहार (31) के रूप में शिनाख्त की। इसी तरह गत दिनों बाइक की चपैट में आने से घायल देबारी निवासी भंवरसिंह देवडा (66)को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर सविना थाना एएसआई नरेश कुमार ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक सायर लौहार मुक बधिर होकर वह घर से निकल गया था तलाश करने पर भी नहीं मिला तो परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने थाने गए थे।

### मोबाईल लूटने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थाना पुलिस ने चाकू दिखा कर पीडित से मोबाईल लूटने वाले को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 11 नवंबर को पीडित राजु मेघवाल पुत्र तुलसीराम मोरडी घाटसा ने पुलिस थाने में रिपोट्रदी । जिसमें उसने बताया कि 9 नवंबर रात में सब्जि मण्डी से सविना की तरफ आ रहा था। जहां भौमिया बावजी मंदिर के पास रैल्वे पटरी क्रास पर मिले दो लडके जिन्होंने मुझे रोक दिया तथा चाकू दिखा कर मोबाईल लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी राव अजयसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने आरोपी करण ओड़ पुत्र पुत्र उदयलाल ओड़ निवासी विजयसिंह पथिक नगर सविना को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चाकू बरामद किया। वहीं विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन कर उसके कब्जे से लूटा गया मोबाईल बरामद किया।

### युवती ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थाना क्षेत्र में युवती ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इस मामले में युवक के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का पुलिस ने प्ररकण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सवेरे मोनीका (19) पुत्री लक्ष्मण मीणा निवासी हिका बावलवाड़ा हॉल रेती स्टेण्ड ने अपने कमरें में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। मोनीका एसटीसी कर रही थी। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई जोरावरसिंह ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मोनिका एसटीसी कर रही थी तथा अपने भाई के साथ रह रही थी। जिसे खेरवाड़ा बडला निवासी करण नामक युवक शादी करने के लिए दबाव डाल रहा था। इसी के चलते उसने फांसी लगा ली। उक्त जानकारी मृतका की बहन सुनिता द्वारा खुलासा कर पुलिस को सूचना कर आरोपी के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज करवाया।

### बंधक बना नकदी वसूली

**उदयपुर, (कासं)।**वल्लभनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीडित का अपहरण कर बंधक बना मारपीट कर अवैध नकदी वसूलने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित चन्द्रशेखर पुत्र दामोदर लाल गोपावत निवासी खरसाण वल्लभनगर ने पुष्करसिंह पुत्र दीपाल खारोल निवासी मैनार व साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 10 सितंबर सवेरे मैं बाइक पर भटेवर से वल्लभनगर आर हा था। जहां अकरिया चौराहा पर मौजूद आरोपी व साथी अपहरण कर मुझे एक होटल में ले गए। जहां मेरे साथ मारपीट करते हुए अवैध रूप से 50 हजार रूपयों की मांग की। इस पर पिता को बुलवा कर नकदी देने के बाद आरोपी मुझे छोड़ कर फरार हो गए।

### टावर से सामान चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में स्थित तीन टावरों से चोर सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सावंतसिंह पुत्र भंवरसिंह सुरक्षाअधिकारी इण्डेक्शन टावर कंपनी ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि सुखेर थाना क्षेत्र प्रतापपुरा,जोशीयों का गुड़ा तथा न्यू आरटीओं क्षेत्र में कंपनी के तीन टावर लगे है। गत दिनों 23 अटक्टूबर को अज्ञात चोर टावरों से आरआरयु,बीबीयु चुरा ले गए।

### ट्रेफिक समस्या को लेकर ली बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** शहर की ट्राफिक समस्या को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक ने ट्राफिक पुलिस की बैठक ली। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बुधवार को शहर के ट्राफिक को लेकर ट्राफिक पुलिस की बैठक ली। जिसमें मौजूद ट्राफिक पुलिस के जवानों ने अपनी निजी समस्या को बताया। जिसे सूनने के बाद जिला पुलिस अधीखक ने शहर की मुख्या समस्या बढते ट्राफिक के कारणों एवं उनके निदान को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान शहर में सबसे ज्यादा ट्राफिक रहने वाले पोईंटों पर आवश्यक साधन सुविधा एवं आने वाली समस्या के कारणों एवं उनके निदान, मौके पर लाईट व्यवस्था एवं शहर के विभिन्न टुरिस्ट पोईट पर ट्राफिक व्यवस्था पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक ट्राफिक अशोक आंजना, टीआई सुनिल चारण सहित जवान मौजूद थे।

# सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र के 302 बूथों पर चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

**उदयपुर, (कासं)।** विधानसभा उपचुनाव 2024 के तहत बुधवार को सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। लोकतंत्र के इस मिनी उत्सव के प्रति मतदाताओं ने अपार उत्साह दिखाया। सामान्य प्रेक्षक जे विजयारानी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने क्षेत्र के मतदान बूथों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

गत विधानसभा चुनाव 2023 में सलूम्बर से विधायक चुने गए अमृतलाल मीणा के निधन से रिक्त हुए पद के लिए बुधवार को उपचुनाव के तहत मतदान हुआ। सलूम्बर क्षेत्र में 296 मुख्य तथा 6 सहायक बूथों पर सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ।

- **चुनाव प्रेक्षक जे विजयारानी ने मतदान बूथों पर मॉक पोल का जायजा लिया**



मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल।

इससे पूर्व सुबह 5.30 बजे मॉक पोल (वोटिंग का पूर्वाभ्यास) हुआ ताकि किसी भी प्रकार के तकनीकी व्यवधान को मुख्य मतदान शुरू होने से पहले दूर किया जा सके। क्षेत्र के किसी भी बूथ से किसी प्रकार की समस्या की शिकायत सामने नहीं आई।भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त चुनाव प्रेक्षक जे विजयारानी ने अलसुबह सलूंबर शहर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मतदान बूथों पर पहुंच कर मॉक पोल का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि सलूंबर सीट के लिए कुल 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदाताओं ने अपना निर्णय ईवीएम में लॉक कर दिया है। मतों की गिनती 23 नवम्बर को होगी।

निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदान समय में बढोतरी करते हुए सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक का समय निर्धारित किया था। अलसुबह गुलाबी ठंड के बावजूद मतदान बूथों पर पौ फटने के साथ ही मतदाताओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया। अधिकांश बूथों पर सुबह 7 बजे तक पहुंचने वाले मतदाताओं की संख्या दहाई के अंक में देखी गई। दिन खिलने के साथ ही बूथों पर कतारें भी लम्बी होती रही। लोकतंत्र के उत्सव में महिलाओं ने भी बढचढ भागीदारी निभाई। हालांकि सुबह बूथों पर महिलाओं की संख्या अपेक्षाकृत कम रही,लेकिन दिन चढने के साथ बूथों पर महिलाओं के रैले उमडे 10.11 बजे बाद बूथों पर महिलाओं की संख्या अधिक नजर आई। महिलाएं चूल्हा चौका निपटाकर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था का परिचय देने के लिए बूथों पर पहुंचीं। सलूम्बर विधानसभा के राउमाविइंटाली खेडा के मतदान बूथ 249 पर गांव की 70 वर्षीय मोगी पटेल और 68 वर्षीय नन्दू बाई खुद चलकर पहुंची और पूरे उत्साह के साथ मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी भागीदारी निभाई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर उदयपुर अरविन्द पोसवाल ने सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र का मैराथन दौरा कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। पोसवाल सुबह उदयपुर से रवाना होकर जावर, परसाद क्षेत्र के विभिन्न बूथों का अवलोकन करते हुए दोपहर पश्चात जयसमंद क्षेत्र पहुंचे। वहां भी विभिन्न दूरस्थ गांवों में मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण कर अपरान्ह बाद सलूम्बर मुख्यालय पहुंचे। सलूम्बर शहर में स्थित विभिन्न बूथों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही संबंधित कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।लोकतंत्र के उत्सव में युवा, बुजुर्गों और दिव्यांगजन का भी खासा उत्साह रहा। उम्र और शारीरिक अक्षमता किसी प्रकार की बाधा नहीं बनी। जिले के तकरीबन हर मतदान केंद्र पर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजन का मतदान को लेकर उत्साह देखते ही बन रहा था।

निर्वाचन प्रक्रिया के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग ने नवाचार किया। इसमें हर बूथ पर प्रथम पांच मतदाताओं से केंद्र पर मतदान कराया गया। आयोग के निर्देशानुसार सभी बूथों पर सबसे पहले मतदान के लिए पहुंचे पांच.पांच मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान केंद्र परिसर में पौधरोपण किया। मतदाताओं के उत्साहवर्धन के लिए विशिष्ट बूथों पर सेल्फी पॉईंट भी बनाए गए। हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने मतदान के बाद अंगुली पर लगी अमिट स्याही का निशान दिखाते हुए सेल्फी ली। पहली बार मतदान पहली बार मतदान कर रहे युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। लोकतंत्र में सक्रिय सहभागिता के पहले अवसर का युवाओं ने भरपूर उपयोग किया।

# होमगार्ड जवान के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** सीट बेल्ट नहीं लगाने पर काम को रोक कार्यवाही करने का एतराज करने पर युवक व उसके परिजनों ने होमगार्ड जवान के साथ मारपीट कर दी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 12 नवंबर को स्वराज नगर माछला मगरा हॉल होमगार्ड जवान मानसिंह ने सूरजपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि पटेल सर्कल पर यातायात पुलिस हेडकांस्टेबल मगनलाल के साथ ड्यूटी करते हुए राजकार्य कर रहा था। इस दौरान वैन चालक बिना सीट बेल्ट लगाये हुए वैन लेकर आया। वैन के आगे की सीट पर एक महिला भी बैठी थी उसने भी सीट बेल्ट नहीं लगा रखा था। कार को रोक एतराज करने पर पति पत्नी ने निचे उतर कर मेरे साथ मारपीट कर वर्दी फाड़ दी तथा अपने पुत्र कुमेल को सूचना दी। इस पर कुमेल लठ्ठ से हमला कर मुझे घायल कर फरार हो गया। इस मामलेमें प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह के नेतृत्व में अनुसंधान अधिकारी एसआई दिनेश पाटीदार मय टीम ने मामले में आरोपी सैय्यद जुबेर हुसैन पुत्र सैय्यद मोहब्बत हुसैन निवासी को गिरफ्तार किया। जबकि इस मामले में मुख्या आरोपी सैय्यद जोएब उर्फ कुमेल फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। वहीं पुलिस ने इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार सैय्यद मोहब्बत हुसैन उर्फ सैय्यद मोहम्मद हुसैन पुत्र हसल अली तथा खुशबु पत्नी सैय्यद मोहब्बत हुसैन उर्फ सैय्यद मोहम्मद हुसैन को न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया। सैय्यद मोहब्बत हुसैन उर्फ सैय्यद मोहम्मद हुसैन के खिलाफ करीब एक दर्जन अपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिसके खिलाफ करीब छह से अधिक अपराधिक प्रकरण विभिन्न पुलिस थानो में दर्ज है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। सूत्रों से पता चला कि इस मामले में फरार सैय्यद जोएब उर्फ कुमेल की 13 नवंबर को सगाई व शादी होने से परिजन खरीददारी करने के लिए बाजार जा रहे थे। जहां बीच रास्ते में विवाद हो गया। उक्त घटनाक्रम से उसकी शादी नहीं हो पाई।

## डॉ.इंद्रप्रकाश श्रीमाली का निधन

**उदयपुर, (कासं)।** आकाशवाणी के उदयपुर केंद्र के पूर्व निदेशक और प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. इंद्रप्रकाश श्रीमाली का निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। डॉ. श्रीमाली ने आकाशवाणी में महत्वपूर्ण सेवाएं दीं और साहित्य, कला से भी गहरे जुड़े हुए थे। उन्होंने क पुस्तकें भी लिखीं, जिससे साहित्यिक जगत में उनकी एक विशिष्ट पहचान थी। उनके निधन से साहित्य प्रेमियों में शोक की गहरी लहर छा गई। डॉ श्रीमाली जी खेती और घर कार्यक्रम के माध्यम से गांव गांव तक विशिष्ट पहचान बनी लंबे समय तक वे इस कार्यक्रम से जुड़े रहे एवं कइ फिल्मों में भी अभिनय किया और मंच संचालन का उनका अलग ही अंदाज़ था।

## राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव कल से

**उदयपुर, (कासं)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के 15०वीं जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव का शुक्रवार को शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर आयोजित होगा। निदेशक फुरकान खान ने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर दो दिवसीय राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव के प्रथम दिन शुक्रवार को देशभर से करीब 150 कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

# भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर होंगे विविध आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयन्ती, जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार के स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम बांसवाडा जिला मुख्यालय पर 15 नवंबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं कानून एवं न्याय व संसदीय मामलात राज्य मंत्री अर्जुनलाल मेघवाल के आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा वनाधिकार अधिनियम अन्तर्गत वन क्षेत्रों के विकास हेतु नवीन योजना 'गोविन्द गुरू जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना' को प्रारम्भ किया जायेगा। जनजाति क्षेत्रीय विकास आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि कार्यक्रम का विषय 'नवादि युगधारा प्रणेता समागम' होगा जिसमें जनजाति समाज में विशिष्ट उपलब्धि वाले व्यक्तियों-उन्नत किसान, महिला उद्यमी, शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में विशेष पहचान रखने वाले एवं नवाचार कर जनजाति विकास में योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रणेता के रूप में पहचान दिलायी जाएगी। इस कार्यक्रम में राजभवन में एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

# हिन्दुस्तान जिंक ने उच्च गुणवत्ता व नवाचार के प्रति दोहराई प्रतिबद्धता

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व गुणवत्ता दिवस के अवसर पर, देश की सबसे बडी और विश्व की दूसरी सबसे बडी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। कंपनी के व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो में जिंक, लेड और सिल्वर जैसे महत्वपूर्ण खनिज शामिल हैं, जो उच्चतम अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए प्रमाणित हैं।

- **हिंदुस्तान जिंक ग्राहकों को उच्च-गुणवत्ता वाले अंतिम उत्पाद विकसित करने में सशक्त बनाता है**

हिन्दुस्तान जिंक भारतीय जिंक और लेड उद्योग में पहली ऐसी कंपनी है, जिसने प्रतिष्ठित नेशनल एक्रेडीटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एण्ड कैलिब्रेशन लेबोरेटरिज से प्रमाणित है जो गुणवत्ता और विश्वसनीयता में वैश्विक मानकों के अनुरूप है। इसके अलावा, कंपनी के जिंक और लेड उत्पादों को लंदन मेटल एक्सचेंज में भी पंजीकृत किया गया है, जो उनके अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के निर्विवाद प्रमाण के रूप में कार्य करता है। कंपनी को 99.99 प्रतिशत शुद्ध सिल्वर के उत्पादन और कच्चे माल के जिम्मेदार सोर्सिंग को सुनिश्चित कर अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के पालन के लिए प्रतिष्ठित लंदन बुलियन मेटल एसोसिएशन से भी प्रमाणन प्राप्त हुआ है।हिन्दुस्तान जिंक के पास आरईएसीएच प्रमाणन भी है, जो यूरोपीय संघ को उत्पादों का निर्यात करने के लिए आवश्यक है।

इन गुणवत्ता मानकों को प्राप्त करने के लिए, कंपनी धातु निर्माण में अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग, उन्नत प्रक्रियाओं का लाभ, और गहन अनुसंधान और विकास में निवेश करने के साथ ही विश्व में श्रेष्ठ प्रौद्योगिकियों का उपयोग करता है। उत्पाद उत्कृष्टता में लगातार उच्च स्तर को बढाकर, हिंदुस्तान जिंक बदले में अपने ग्राहकों को उच्च-गुणवत्ता वाले अंतिम उत्पाद विकसित करने में सशक्त बनाता है जो बुनियादी ढांचे, इस्पात, ऑटोमोटिव और हाई-टेक विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी प्रौद्योगिकियों और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे उद्योगों में विकसित मांगों को पूरा करते हैं।

हिन्दुस्तान जिंक को वैश्विक जिंक उद्योग में सबसे बडे उत्पादों की श्रेणी में अपने व्यापक रेंज के जिंक उत्पादों के लिए एनवायरमेंटल प्रोडक्शन डिक्लेरेशरन अंतराष्ट्रीय सत्यापन भी प्राप्त हुआ है। ईपीडी एक स्वतंत्र सत्यापन है जो उत्पादों के लाइफ साइकिल पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में स्पष्ट और तुलनात्मक जानकारी प्रदान करता है। हिन्दुस्तान जिंक का ईपीडी आईएसओ और ईएन मानकों का अनुपालन करता है और इसमें आईएसओ 14040 और आईएसओ 14044 मानकों के अनुरूप एक लाइफ साइकिल एसेसमेंट अध्ययन शामिल है। एलसीए जिंक उत्पादों के पर्यावरणीय प्रदर्शन का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है, जिसमें विनिर्माण, उत्पाद उपयोग और जीवन-काल के अंतिम चरण सहित सभी चरणों के प्रभावों पर विचार किया जाता है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा कि, 1990 के दशक की शुरुआत में भारत की अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद से, भारतीय कंपनियों ने आईएसओ 9000 मानकों को तेजी से अपनाकर लागत दक्षता और वैश्विक गुणवत्ता मानकों में अपनी प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन किया है। भारत खुद को एक वैश्विक विनिर्माण शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है, बेहतर गुणवत्ता भारतीय कॉर्पोरेशन्स के लिए भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को बढावा देने का केंद्र बिंदु बन गई है। हिंदुस्तान जिंक के लिये ग्राहक प्रसन्नता हमारे सभी प्रयासों के केंद्र में है, उत्पाद और सेवा उत्कृष्टता को बढावा देती है। इस विश्व गुणवत्ता दिवस पर, हम अपने व्यवसाय के हर पहलू में कुल गुणवत्ता प्रबंधन के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। जिंक, लेड और सिल्वर के उत्पादन में विनिर्माण उत्कृष्टता से लेकर खरे मानदंडों तक, हम अपने ग्राहकों को एक विशिष्ट प्रतिस्पर्धात्मक बढत और बेजोड मूल्य प्रदान करने के लिए हर कदम पर गुणवत्ता को प्राथमिकता दे रहे हैं।


**कार्यालय उप आवासन आयुक्त**
**राजस्थान आवासन मंडल, वृत- उदयपुर**
क्रमांक : उप आ.आ./वृत-उदय/2024-25/760
दिनांक 04.11.2024

**जाहिर आम सूचना**
**(दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण)**

आवास संख्या 3/30 आयवर्ग LIG माप 74.72 वर्ग मीटर योजना प्रतापनगर आवासीय योजना शहर उदयपुर द्वारा श्री ककल मल सिन्धी पुत्र श्री टिलुमल जी को आवंटन पत्रांक 264 दिनांक 27.05.2002 द्वारा आवास का आवंटन किया गया। श्री ककल मल सिन्धी पुत्र श्री टिलुमल जी की मृत्यु दिनांक 11.08.2001 की हो जाने के पश्चात् उनकी पत्नी श्रीमती मीरा देवी पत्नी स्व.श्री ककल मल के नाम कार्यालय के पत्रांक 1610 दिनांक 29.04.2004 द्वारा नाम हस्तान्तरण कार्यालय आदेश जारी किया गया। दिनांक 31.05.2004 को उक्त आवास का कब्जा दिया गया । उक्त आवास का अदेय प्रमाण-पत्र 721 दिनांक 23.06.2008 द्वारा श्रीमती मीरा देवी पत्नी स्व. श्री ककल मल को जारी किया गया एवं प्रथम रजिस्ट्री दिनांक 12.07.2017 को श्रीमती मीरा देवी पत्नी स्व. श्री ककल मल द्वारा अपने पक्ष में निष्पादित करवाई गई।

पंजीयन उपरान्त श्रीमती मीरा देवी पत्नी स्व. श्री ककल मल ने उक्त आवास का मुख्तियार नामा आम (पंजीकृत) दिनांक 12.07.2017 द्वारा श्री गोवर्धन सिंह राजपूत पुत्र श्री सुखदेव सिंह राजपूत को नियुक्त किया गया। श्री गोवर्धन सिंह राजपूत पुत्र श्री सुखदेव सिंह राजपूत ने मुख्तियार नामा आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 17.07.2017 द्वारा स्वयं श्री गोवर्धन सिंह राजपूत पुत्र श्री सुखदेव सिंह राजपूत को किया गया। कार्यालय के पत्रांक 2478 दिनांक 19.01.2018 द्वारा श्री गोवर्धन सिंह राजपूत पुत्र श्री सुखदेव सिंह राजपूत को नाम हस्तान्तरण कार्यालय आदेश जारी किया गया। तत्पश्चात् श्री गोवर्धन सिंह राजपूत पुत्र श्री सुखदेव सिंह राजपूत ने पुनः उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 30.11.2023 द्वारा: हेमलता सालवी पुत्री श्री भगवान लाल सालवी को किया गया। हेमलता सालवी पुत्री श्री भगवान लाल सालवी ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय पत्र (पंजीकृत) के आधार पर अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया ।

हेमलता सालवी पुत्री श्री भगवान लाल सालवी ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रो प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम कर दिया जावें !

अतः इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर - अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 3/30, प्रतापनगर आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण हेमलता सालवी पुत्री श्री भगवान लाल सालवी के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा ।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत- उदयपुर



**एस.के.फाइनेंस लिमिटेड**
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in

**शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **गोगुंदा शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैं:-
**पुराना पता-** ग्राउंड फ्लोर, बाईपास चौराहा, उदयपुर रोड, गोगुन्दा, जिला-उदयपुर-313705 (राजस्थान)
**नया पता-** ग्राउंड फ्लोर, खसरा नं. 6488, दुकान नंबर 1103, बाईपास प्रताप सर्कल, फिनकेयर बैंक के पास, गांव और तहसील गोगुंदा, जिला-उदयपुर 313705 (राजस्थान)
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें।



**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
**(सर्वे एवं निर्माण)**

भारत के राष्ट्र पति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता (निर्माण), द्वितीय, उत्तर पश्चिम रेलवे, उदयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु ऐसी एजेंसियों से जो निर्धारित अर्हकता पूरी करते हों, उनसे "डबल पैकेट सिस्टम" के अंतर्गत ई – निविदाये आमंत्रित करते हैं । **1. निविदा सूचना संख्या** : बी आई – एन एम एच–टी –04 **2. कार्य का नाम स्थान सहित** : Supplying and stacking 65 MM gauge stone ballast machine crushed (Hard Stone) confirming to RDSO Specification along the cess, including station Yards, disposal of unusable boulders & debris, between Bari Sadri (excl.) from Km. 0.785 to Nimch (excl) Km 46.278 in connection with Bari- Sadri Nimach New line project. **3. कार्य की अनुमानित लागत** : 13,45,77,322.05 **4. जमा की जाने वाली बयाना राशि** : 8,22,900.00 **5. ई– निविदा प्रस्तुत करने की तिथि** : 03.12.2024 को 15.00 बजे तक **6. वेब साईट का विवरण, जहाँ पर ई–निविदा देखी व भरी जा सकती हैं** : www.ireps.gov.in **7. कार्यालय ई–मेल का पता** :dycec2udz@gmail.com
1310-CR/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त**
**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत, उदयपुर**
(RHB Office Building पारस तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)
पत्र क्रमांक:- उप आ.आ./वृत-उदय/2024-25/819
दिनांक:-13.11.2024
Registered

**-:जाहिर आम सूचना (मृत्यु पश्चात):-**

आवास संख्या 1/103 आयवर्ग MIG-B माप 112.50 वर्ग मीटर योजना गोवर्धन विलास आवासीय योजना शहर उदयपुर का श्री संजय गोठवाल पुत्र श्री रामचन्द्र को आवंटन पत्र क्रमांक 9959 दिनांक 31.03.1993 जारी कर दिनांक 03.12.1996 को कब्जा दिया गया।

श्री संजय गोठवाल पुत्र श्री रामचन्द्र की मृत्यु दिनांक 15.03.2017 को हो जाने के पश्चात् उनके पुत्र श्री दिनेश गोठवाल पुत्र स्व. श्री संजय गोठवाल ने कानुनन उत्तराधिकारी होने का दावा करते हुये उक्त आवास का नामान्तरण/हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु मण्डल में आवेदन किया। मृतक के विधिक वारिसान श्रीमती अनिता देवी पत्नी स्व. श्री संजय गोठवाल, श्री सुनिल गोठवाल पुत्र स्व. श्री संजय गोठवाल एवं श्रीमती ममता पंवार पुत्री स्व. श्री संजय गोठवाल पत्नी श्री राजेश कुमार पंवार द्वारा अपने अधिकारों का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर श्री दिनेश गोठवाल पुत्र स्व. श्री संजय गोठवाल के पक्ष में किया गया। श्री दिनेश गोठवाल पुत्र स्व. श्री संजय गोठवाल ने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक प्रपत्र, हक त्याग पत्र (पंजीकृत) मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम कर नाम प्रतिस्थापत्र कर दिया जावें।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 1/103, गोवर्धन विलास आवासीय योजना, उदयपुर का कानुनी उत्तराधिकारी मानकर श्री दिनेश गोठवाल पुत्र स्व. श्री संजय गोठवाल के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में हक त्याग पत्र (पंजीकृत) के आधार पर दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत- उदयपुर



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त**
**राजस्थान आवासन मंडल, वृत- उदयपुर**
क्रमांक : उप आ.आ./वृत-उदय/2024-25/667
दिनांक 30.09.2024

**जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री)**

आवास संख्या 1/383-B आयवर्ग EWS माप 37.35 वर्ग मीटर योजना भुवाणा आवासीय योजना शहर उदयपुर का श्री मोहनलाल पुत्र श्री रामलाल खटीक को आव्रटन पत्र क्रमांक 808 दिनांक 28.06.2007 जारी कर दिनांक 10.08.2007 को कब्जा दिया गया। श्री मोहनलाल पुत्र श्री रामलाल खटीक ने उक्त आवास का बेचान श्री मोहम्मद आसिफ मन्सूरी पुत्र श्री मोहम्मद मन्सूरी को किया गया। उक्त आवास का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 658 दिनांक 15.05.2013, श्री मोहम्मद आसिफ मन्सूरी पुत्र श्री मोहम्मद मन्सूरी को जारी किया गया एवं प्रथम पंजीयन दिनांक 26.06.2013 द्वारा श्री मोहम्मद आसिफ मन्सूरी पुत्र श्री मोहम्मद भन्सुरी के पक्ष में निष्पादित करवाया गया।

पंजीयन उपरान्त श्री मोहम्मद आसिफ मन्सूरी पुत्र श्री मोहम्मद मन्सूरी ने उक्त आवास का बेचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 26.06.2013 को श्रीमती भागवन्ती पत्नी श्री उमाशंकर खारोल को किया गया। श्रीमती भागवन्ती पत्नी श्री उमाशंकर खारोल ने उक्त आवास का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। इस कार्यालय द्वारा पत्रांक 2141 दिनांक 23.09.2014 द्वारा श्रीमती भागवन्तो पत्नी श्री उमाशंकर खारोल को कार्यालय आदेश जारी किया गया। तत्पश्चात श्रीमती भागवन्ती पत्नी श्री उमाशंकर खारोल ने पुनः उक्त आवास का बैचान विक्रय पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 16.08.2024 को श्रीमती जुली सोमानी पत्नी श्री मनोज कुमार सोमानी एवं श्री मनोज कुमार सोमानी पुत्र श्री वल्लभ लाल सोमानी को संयुक्त रूप से किया गया।

श्रीमती जुली सोमानी पत्नी श्री मनोज कुमार सोमानी एवं श्री मनोज कुमार सोमानी पुत्र श्री वल्लभ लाल सोमानी ने प्रार्थना पत्र विक्रय पत्र (पंजीकृत) आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को संयुक्त रूप से उनके नाम कर दिया जायें।

अतः इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 1/383-इ, भुवाणा आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्रीमती जुली सोमानी पत्नी श्री मनोज कुमार सोमानी एवं श्री मनोज कुमार सोमानी पुत्र श्री वल्लभ लाल सोमानी के पक्ष में संयुक्त रूप से हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा ।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत- उदयपुर



**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**
क्रमांक/न.पा.ना./तामीर/2024/12847
दिनांक : 12/11/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/ पता | आवेदिक सम्पत्ति का विवरण | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्रीमती राधा देवी तेली पत्नी श्री भगवती लाल तेली | श्री कृष्णा, नगर आवासीय कोलोनी प्रताप सर्किल नाथद्वारा भूखण्ड संख्या 08 | कोलोनी का आम रास्ता 30 फिट | भूखण्ड संख्या 11 | भूखण्ड संख्या 07 | भूखण्ड संख्या 09 |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा



**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**
क्रमांक/न.पा.ना./तामीर/2024/12725
दिनांक : 08/11/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/ पता | आवेदिक सम्पत्ति का विवरण | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री गणेश कुमार लोधा पिता श्री बच्चू भाई लोधा | लोधा घाटी, नाथद्वारा, | श्री हरिवल्लभ गुर्जर का मकान | श्री नन्द किशोर लोधा का मकान | श्री लक्ष्मी नारायण लोधा का मकान | श्री भगवान दास लोधा का मकान व रास्ता |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा



**कार्यालय नगरपालिका कपासन जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)**
क्रमांक/न.पा.क./भूमि/2024-25/3940 दिनांक: 13.11.24

**-:: आपत्ति सूचना ::-**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय नगरपालिका कपासन में निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा प्रार्थना पत्र मय नक्शा व मिल्कीयत सबूत सहित पालिका की भूमि को स्ट्रीप ऑफ लेण्ड में क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अत: संबंधित को निम्नानुसार स्ट्रीप ऑफ लेण्ड विक्रय किया जाने में किसी व्यक्ति या पास पड़ोसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप से 7 दिवस में पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर दे, इसके बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। आवेदित प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में अन्य जारकारी एवं मौका स्थिति की रिपोर्ट किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में उपस्थित होकर अवलोकन किया जा सकता है। "सूचित हो"

| क्र. सं. | नाम आवेदक | स्थान | प्रस्तावित क्षैत्रफल (वर्गफीट में) |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती ताहेरा खान पत्नी श्री सैयद एजाज अली निवासी कपासन | मास्टर कॉलोनी (अध्यापक कॉलोनी) वार्ड नं. 07 कपासन | 170.00 वर्गफीट |

(प्राधिकृत अधिकारी) अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका कपासन



प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)
**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द**
सं.5229
**लोक-सूचना**
दिनांक :13/11/2024

श्री एकलिंग रेगर पिता श्री दला जी रेगर निवासी राजनगर एवं श्री दीनदयाल पालीवाल पिता श्री हीरालाल पालीवाल निवासी किशोरनगर राजसमन्द राज. द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | किशोरनगर | 646, 1141/645 | रकबा 0.1133 हैक्टेयर रकबा 0.0770 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 13/11/2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

सार-समाचार

## हादसे में युवक की मौत, तीन घायल

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले आसपुर में दो बाइक की आमने.सामने भिडंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गईए जबकि 3 घायल हो गए। घायलों को आसपुर अस्पताल लाया गया। हादसा खोती गांव के पास मंगलवार देर शाम को हुआ। प्राप्त जानकारी जानकारी के अनुसार लिमडी निवासी सुरेन्द्र पुत्र वेलजी गायरी अपनी बाइक से टोकवासा से अपने घर जा रहा था। इस दौरान उदयपुर बांसवाडा स्टेट हाईवे पर खोती के पास एक बाइक पर 3 युवक सामने आ रहे थे। इनकी बाइक सामने से आ रही सुरेंद्र की बाइक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक बाइक पर सवार तीन युवक स्टंट कर रहे थे। हादसे में बाइक सवार सुरेन्द्र घायल हो गया। वहीं, दूसरी बाइक सवार सुनील पुत्र मरता कोटेड निवासी झौंथरी की मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी बादल पुत्र सूरजमल रोत निवासी केसरपुरा और पंकज पुत्र धुला निवासी झौंथरी घायल हो गए। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी आसपुर पहुंचाया गया। मृतक का गुरूवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## देव दिवाली पर रथयात्रा कल

**सागवाड़ा,** (निसं)। देव दिवाली पर शुक्रवार 15 नवम्बर को दशा नेमा समाज के तत्वावधान में सनातन धर्मावलंबियों की रथयात्रा निकाली जाएगी। समाज के सचिव गोकुल दोसी ने बताया कि अध्यक्ष रामकृष्ण वाडेल, समाज के वरिष्ठजन, युवा तथा पंचों के मार्गदर्शन में शाम को 5 बजे नेमा समाज के भगवान रुपचतुर्भुज मंदिर से पारंपरिक रथयात्रा निकलेंगी। दो मंजिला काष्ठ से बने रजत छत्र व रजत छडी के साथ रोशनी से लकदक रंगीन प्राचीन रथ में दूसरी मंजिल पर रजत पालके में भगवान की प्रतिमा रख चंवर ढूलाते, गाजे बाजे, भजन कीर्तन, जयकारे व आतिशबाजी के साथ रथयात्रा निकलेंगी। रथयात्रा मांडवी चौक, नया बाजार, गोल चौराहा होकर बांसवाडा मार्ग पर स्थित गमरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी जहां मंदिर में तथा रथ की आरती उतारी जाएगी। रथयात्रा पुनः- उसी मार्ग से होकर मांडवी चौक स्थित नेमा समाज के चारभुजाधारी मंदिर पहुंचेगी जहां देर तक भजन कीर्तन के बाद आरती होगी।

## पारणा महोत्सव 17 नवंबर को

**डूंगरपुर,** (निसं)। पाडली गांव में आचार्य श्री सुधींद्र सागर महाराज के सानिध्य में अष्टाहनिका पर्व चलते अभिषेक शांतिधारा हुई नरेश जैन भूपेंद्र जैन ने बताया आचार्य श्री का 15 नवंबर को 60 वां अवतरण दिवस पाडली में हर्ष के साथ मनाया जाएगा आचार्य श्री 59 वर्ष पूर्ण कर 6० वे वर्ष में प्रवेश करेंगे आचार्य श्री ने कहा मेरा जन्म दिन नहीं मनाना क्यों की मेंरा जन्म मरण का चक्रव्यू बाकी हे जन्म दिन साधु का नहीं मनाना साधु का तप दिवस अर्थात दीक्षा दिवस मनाओ और जन्म दिन मनाओगे जन्म मरण का क्रम जारी रहेगा दीक्षा दिवस मनाओ जिससे दीक्षा लेने के भाव प्रकट होंगे जिससे मुक्ति को प्राप्त होंगे जन्म दिन उनका मनाओ जिन्होंने जन्म व मृत्यु पर विजय प्राप्त अर्थात जन्मोत्सव ऋषभ देव महावीर चौबीस तीर्थंकर ओर सिद्ध भगवान का मनाओ जिससे आप का चिंतवन बनेगा हम भी जन्म मरण के चक्रव्यू से मुक्त हो जाए।

## धताणा के महेंद्र डांगी किया बहुमान

**डूंगरपुर,** (निसं)। सामाजिक कार्यो में अग्रणी महेंद्र डांगी धताणा का श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना व सर्व समाज के कार्यकर्ताओं ने बहुमान किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यकर्ताओं द्वारा डांगी को 11 किलों की माला पहनाकर,समाज की पगडी से सामाजिक कार्यों में उनके योगदान के लिए आभार जताया। हीरालाल पाटीदार इंदौडा ने कहां कि सेना के द्वारा समाज हित में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को निरंतर आगे बढाने का प्रयास होगा। ताजेंग पाटीदार मसाणा ने पगडी पहनाकर कहां कि पगडी समाज के मान सम्मान का प्रतीक है। समाज के प्रति अपने दायित्वों को हमेशा पूर्ण करने की प्रेरणा देती है। हीरालाल पटेल औरवाडिया ने बताया कि समाज को साथ में लेकर चलने वाले बहुत कम लोग होते हैं। समाज के लिए कार्य करने वालों को समाज हमेशा भरपूर सहयोग दिया है। इस दौरान हितेश पटेल गडा भाभा, रमेश पटेल टाटीया, हीरालाल पटेल खीरावाडा, युवा नेता विक्रम पटेल खेराडए पार्षद डायालाल पाटीदार नवाडेराए शंकर मीणा, कवि धीरज सुथार,शुभम् सुथार, ललित पटेल खेराड, रामजी पाटीदार इंदौडा, लालजी पाटीदार इंदौडा, मुकेश नेजपुर, अनील भचडिया, वल्लभराम वाडा हथाई, संतोष पाटीदार रणौली, गजेंद्र पाटीदार बोडीगामा छोटा, जगदीश धताणा व नवीन यादव हथाई मौजूद रहें।

## चिकित्सा शिविर आयोजित

**चित्तौड़गढ़,** (निसं)। शहर के भोई खेड़ा गांव में एमपी बिरला हॉस्पिटल के तत्वधान में चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 120 से अधिक रोगियों को निःशुल्क दवा और पोषक तत्वों की खुराक सहित चिकित्सा सहायता दी गई। एमपी बिरला हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने मरीजों की जांच की। चिकित्सा शिविर का आयोजन बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सतत विकास टीम और सीएसआर टीम द्वारा किया गया था। ठाम भोई खेड़ा, बिरला सीमेंट चूना पत्थर की खदानें के समीप स्थित है जहां मूलभूत चिकित्सा सुविधाएं भी कम हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर चिकित्सा शिविर आयोजित किये जाते है, जिसके तहत भोई खेड़ा क्षेत्र में यह शिविर आयोजित किया गया।


## गुरु नानक देव जयंती कल

**डूंगरपुर,** (निसं)। सिंधी समाज द्वारा गुरू नानक देव जयंती बडे धूमधाम से मनाई जाएगी। मीडिया प्रभारी सुनील भठीजा ने बताया सिंधी कॉलोनी स्थित झुलेलाल मन्दिर **में** सुबह 10 से 12 बजे तक समाज एवं देश की खुशहाली हेतु जप जी साहब के 108 पाठ किए जाएंगे दोपहर 12 बजे बाद भोग साहब, अरदास, आरती, एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा दोपहर 1 बजे महाप्रसादी, लंगर का आयोजन रखा गया है।

# भीण्डर में सड़कों की उड़ती धूल से लोग हो रहे बीमार

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर नगर पालिका क्षेत्र की सड़कों से पिछले एक साल से उड़ रही धूल लोगों के परेशानी का सबब बनती जा रही है। उडती धूल की वजह से कई लोगों को स्वास्थ्य खराब होने की समस्या आ चुकी हैं, जिसमें कई लोगों को सांस लेने में तकलीफ आने लगी है। लेकिन खस्ताहाल सड़कों के जिम्मेदार जलदाय विभाग, नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के कानों तक जूं भी नहीं रेंग रही है। संबंधित विभाग के अधिकारियों को ना तो लोगों

■ **सड़कों से उड़ रही धूल लोगों के लिए बनी परेशानी का सबब**




**भीण्डर के गिरिवरपोल रोड की खस्ताहाल सड़क।**

की समस्या दिख रही हैं और ना ही उसके समाधान के लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

भीण्डर नगर पालिका क्षेत्र की सबसे ज्यादा सड़कों की हालत खराब करने का काम जलदाय विभाग ने किया है। जलदाय विभाग ने पिछले वर्ष जुलाई माह से पाइप लाइन डालने के काम में सभी सडकें खोदकर खस्ताहाल कर दी, उसके विपरीत उनकी मरम्मत केवल 25 प्रतिशत सडकें भी नहीं की है। जिन सडकों की मरम्मत की गई हैं वो भी घटिया निर्माण करवाया गया है। जबकि करीब 75 प्रतिशत सडकों की खुदाई के बाद अभी तक मरम्मत नहीं करवाई है। इसके लिए जलदाय विभाग पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। जलदाय विभाग के बाद सबसे ज्यादा लापरवाही भीण्डर नगर पालिका प्रशासन की रही। नगर पालिका प्रशासन ने नगर में जलदाय विभाग द्वारा पाइप लाइन डालने से खस्ताहाल हुई सड़कों को समय पर मरम्मत नहीं करने के लिए आज दिन तक कोई भी नोटिस जारी नहीं किया और ना ही पालिका ने स्ड़डकों की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम उठाया। जबकि नगर पालिका को खुदाई के बाद खस्ताहाल हुई सडकों के मरम्मत का बजट पालिका के अधीन लेकर सभी सड़कों को पूर्ण तरीके से निर्माण करवाया जाना चाहिए था। जिससे नगर की खस्ताहाल हुई सडकें समय पर ठीक हो जाती। इसके अलावा नगर पालिका द्वारा भी कई जगहों पर टूट चुकी सडकों को ठीक करने का काम भी ठण्डे बस्ते में डाल रखा है।

भीण्डर नगर पालिका की खस्ताहाल हो चुकी सडकों में कुछ सडकों का निर्माण गत दिनों पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा करवाया गया। लेकिन अभी भी कई ऐसी सडकें स्वीकृत हुई पडी हैं जिनका निर्माण नहीं हुआ हैं या सरप्लस बची सड़कों के काम भी अन्य सड़कों पर करने से लोगों को राहत दे सकते है। इसके अलावा भीण्डर नगर में प्रवेश करने वाले मार्ग पर भी पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़कों पर बडे-बड़े गड्डे पडे हुए हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। विभाग तत्परता दिखाते हुए सडकों का निर्माण व मरम्मत कर देंवे तो लोगों को काफी राहत मिलेगी।भीण्डर नगर में हींता दरवाजा से रामपोल बस स्टेण्ड तक की सडक पूरी तरह से खस्ताहाल हो रही है। ये सडक पूरी तरह से उखड चुकी हैं, यहां पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सीसी रोड का निर्माण करवाया दिया जाएं तो वर्षों तक सडक मजबूती से रह सकती है। इस मार्ग से ही बारिश का पानी तालाब की तरफ जाता हैं, जिस वजह से डामर हर वर्ष उखड जाता है। भीण्डर के रामपोल बस स्टेण्ड से सूरजपोल और सूरजपोल से गिरिवरपोल दरवाजे तक पाइप लाइन के लिए सडकों के दोनों तरफ की गई खुदाई को अभी तक जलदाय विभाग द्वारा मरम्मत नहीं की गई है। भीण्डर तहसील कार्यालय मार्ग, रेलवे स्टेशन, कीर की चोकी रोड, राडाजी बावजी के निकट रोड पर बडे-बडे गड्डे हो रहे है। मानसून के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग को सडकों की मरम्मत के लिए बजट जारी कर रखा हैं जिससे ऐसे गड्डों को तुरंत मरम्मत करके राहत दे सकते है। भीण्डर दवेला तालाब रोड के बाहर मुख्य मार्ग पर पिछले एक वर्ष से सड़क खस्ताहाल हो रही हैं, इसकी कोई मरम्मत नहीं कर रहा है। श्रीजी प्लाजा के बाहर भी सडक का बुरा हाल हो रहा हैं और रोजाना धूल उड रही है। भीण्डर पुलिस थाने के बाहर सड़क का सबसे बुरा हाल हो रहा है। यहां बैंक होने से लोगों की आवाजाही रहती हैं और यहीं पर सडक की मरम्मत नहीं की जा रही है। इन प्रमुख 10 स्थानों पर खस्ताहाल हो रही सड़कों की हालत जल्द से जल्द सुधारने की जरूरत है।

रमेश बहेडिया, उपखण्ड अधिकारी भीण्डर ने बताया कि भीण्डर नगर पालिका क्षेत्र की खस्ताहाल हो रही सड़कों को लेकर संबंधित जलदाय विभाग, नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देशित करके जल्द इनकी मरम्मत की जायेगी। जलदाय विभाग को खुदाई से क्षतिग्रस्त हो चुकी सड़कों को ठीक करने के लिए बोल दिया हैं वें जल्द काम शुरू कर देंगे। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी से सरप्लस बची सड़क के लिए प्रस्ताव भेज रखा है स्वीकृत होते ही हींता दरवाजा से रामपोल सड़क का निर्माण करवाया जायेगा।

## कार्याशाला में बैंकिंग की जानकारी दी

**राजसमंद,** (निसं)। बैंकिंग लोकपाल कार्यालय राजस्थान व भारतीय रिजर्व बैंक जयपुर के सहयोग से जिला परिषद सभागार में उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक अभिषेकसिंह, अजीतसिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक प्रेमशंकर जीनगर ने एकीकृत बैंकिंग लोकपाल योजना 2०21 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि विभिन्न बैंकों, गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों, भुगतान परिचालक व सिबिल आदि संस्थाओं में ग्राहकों की शिकायत निवारण नहीं होने पर लोकपाल को किस प्रकार ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिकायत दर्ज करवाने की जानकारी दी गई। वित्तीय समावेशन, साक्षरता एवं डिजिटल अपनाने पर जोर दिया। वर्तमान में ऑनलाइन ठगी, धोखाधडी अपराधी प्रवृत्ति के भिन्न-भिन्न तरीकों से लोगों को बचाव के लिए जानकारी दी गई। साइबर स्वच्छता व सुरक्षा बरतने के लिए जागरूक किया। कार्यशाला के दौरान सहभागियों के साथ प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# दिवंगत निर्माण श्रमिकों के परिवारों को सौंपे लाभार्थी पत्र

**राजसमंद,** (निसं)। राजस्थान की श्रमिक कल्याण योजनाओं के अंतर्गत विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने दिवंगत निर्माण श्रमिकों के पांच परिवारों को दो लाख रुपए की सहायता राशि के लाभार्थी पत्र प्रदान किए। इस सहयोग से श्रमिक परिवारों को आर्थिक संबल प्राप्त हुआ है। जिससे वे अपने दैनिक जीवन में राहत अनुभव कर सकेंगे। इस दौरान विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि भारत सरकार और राजस्थान सरकार द्वारा श्रमिक परिवारों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जो परिवारों को कठिन समय में सहारा प्रदान कर रही हैं।



**दिवंगत निर्माण श्रमिकों के परिवारों को दो लाख रुपए की सहायता राशि के लाभार्थी पत्र प्रदान करते विधायक दीप्ति माहेश्वरी।**

उन्होंने श्रमिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि इन परिवारों को जरूरी सहायता समय पर प्राप्त हो। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने इस सहयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए श्रमिकों और उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें आश्वस्त किया कि उनके कल्याण के लिए सरकार निरंतर काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने श्रमिक परिवारों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। विधायक ने बताया कि सरकार श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा को बढावा देने के लिए 25 हजार रुपये प्रतिवर्ष तक की छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त श्रमिक के पुत्र अथवा पुत्री के जन्म पर परिवार को 21 हजार रुपये तक की सहायता राशि दी जाती है। निर्माण श्रमिक सुलभ आवास योजना के तहत श्रमिकों को आवास बनाने के लिए 1.5० लाख रुपये तक का अनुदान भी मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि श्रमिक परिवारों को चिकित्सा सहायता, प्रशिक्षण और रोजगार में सहयोग, औजार एवं उपकरण खरीदने के लिए आर्थिक मदद और पेंशन योजनाओं जैसे कई लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार करना और उनके परिवारों को कठिन परिस्थितियों में संबल प्रदान करना है।

सार-समाचार

## जनजाति गौरव दिवस पर कार्यक्रम कल

**बांसवाड़ा,** (निसं)।भगवान श्री बिरसा गुण्डा की जयंती राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप मनाते हुए 15 नवम्बर को नवादि युगधारा प्रणेता समागम कार्यक्रम का राज्य स्तरीय आयोजन जिला मुख्यालय खेल मैदान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आतिथ्य में किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम में जनजाति समाज में विशिष्ठ उपलब्धियों वाले व्यक्तियो को प्रणेता के रूप में पहचान दिलाने उन्नत किसान, महिला उद्यमी, शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, उद्योग व कृषि आदि क्षेत्रों में नवाचार कर रहे 30 व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में जनजाति मांडणा चित्रकारी, जनजाति डिजाईन स्टूडियों, टीआरआई उदयपुर, ट्राईफेड, एम्स जोधपुर, स्वच्छ परियोजना, वन विभाग, यूनीसेफ, हुनर ट्राईब एवं धरती आंबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आदि के स्टॉल प्रदर्शनी लगाई जायेगी। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह को बैंक लोन वितरित किया जाना एवं वनधन विकास केन्द्रों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम सरकार और समाज के समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से वंचित अंतिम छोर तक पहुंचने का प्रयास है। जनजातीय गौरव दिवस 15 से 26 नवम्बर तक देश में संविधान दिवस के साथ मनाया जायेगा जिसमें आदिवासी कला, संस्कृति, विरासत और इतिहास को उजागर करने के प्रयास शामिल होंगे। साथ ही भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी समुदाय द्वारा निभाई गयी भूमिका को प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम और उनके सामाजिक आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के प्रयास भी शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जमुई बिहार में समारोह को सम्बोधित करेंगे। जनजाति विभाग की ओर से जिले का प्रसिद्ध गैर नृत्य परम्परागत वेशभुषा में प्रस्तुत किया जायेगा एवं विभाग द्वारा संचालित समस्त आवसीय विद्यालयों एवं छात्रावासों विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

## रोजगार सहायता शिविर आज

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिला रोजगार कार्यालय, मॉडल कॅरियर सेंटर की ओर से आज गुरूवार को प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक रोजगार सहायता शिविर का आयोजन नुतन स्कुल ग्राउंड में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी खेताराम मेघवाल ने नूतन स्कूल ग्राउंड में शिविर की तैयारियों का जायजा लेते हुए कर्मचारियों को प्रचार प्रसार के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में निजी क्षेत्र के 20 से अधिक नियोक्ता इंटरव्यू के माध्यम से विभिन्न सेक्टर यथा टैक्सटाईल, हेल्थकेयर, फाइनेंस, एग्रीकल्चर इत्यादि के विभिन्न 5 हजार से अधिक पदों पर भर्ती करेंगे जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक व आईटीआई ट्रेड यथा इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रीकल, फिटर, इलेक्ट्रोनिक्स है इसमें विभिन्न पदों पर वेतनमान लगभग 7 से 40 हजार तक रहेगा साथ ही विभिन्न प्रकार की अतिरिक्त सुविधाएं भी कम्पनियों द्वारा दी जावेगी। कार्य करने का स्थल बांसवाडा राजस्थान, मध्यप्रदेश, अहमदाबाद गुजरात रहेगा। शिविर में भाग लेने के लिए बायोडाटा या मूल दस्तावेजों के साथ आधार कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र जिसमें फोटों लगा हो एवं 2 पासपोर्ट साईज फोटो लाना अनिवार्य है।

## जिला कारागृह का किया निरीक्षण

**राजसमंद,** (निसं)। जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने बुधवार को जिला कारागृह का निरीक्षण कर कारागृह की भोजन, सफाई, आवास, सुरक्षा इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण के समय कारागृह में कुल 131 बंदी निरुद्ध मिले। निरीक्षण के समय बंदियों से मिलने आए हुए उनके परिजनों से वार्ता की गई, उनके द्वारा अपने परिचितों से मिलने में कोई परेशानी नहीं होना बताया। नवीन प्रवेशित बंदियो से संवाद किया गया, सभी ने अपने प्रकरण में पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त होना बताया। कारागृह में कोई भी बंदी 18 साल से कम उम्र का निरूद्ध नहीं पाया गया। चिकित्सक द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करना बताया। अग्रवाल ने कारागृह में सजायाफ्ता बंदियों की जानकारी प्राप्त की। बंदियों के मनोरंजन के लिए बैरक में टेलीविजन लगी हुई है तथा सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में हैं।

## नवीन कार्यकारिणी का गठन

**राजसमंद,** (निसं)। नगर परिषद कर्मचारी संघ की बैठक बुधवार को नगर परिषद आयुक्त दुर्गेश रावल संरक्षकता तथा राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतिय संरक्षक रिछपाल सिंह चौधरी एवं अधिशाषी अभियन्ता तरूण कुमार बायती की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में मौजूद सदस्यों की सर्वसम्मति से नविन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें किशनलाल प्रजापत को स्थानिय निकाय का अध्यक्ष, गणेश पालीवाल उपाध्यक्ष, गिरीराज गर्ग महामंत्री, रेणु शर्मा मंत्री एवं रिचा सहीवाला को कोषाध्यक्ष मनोनयन किया गया। इसके साथ ही राजसमन्द जिला ईकाई द्वारा बलवंत सिंह राठौड को जिलाध्यक्ष, किशनलाल प्रजापत को जिला उपाध्यक्ष, मनोज कुमार भारद्वाज जिला महामंत्री तथा हरिसिंह व बाबूसिंह को सदस्य का सर्वसम्मति से सदस्य निर्वाचन किया गया।

## स्वरोजगार ऋण के लिये आवेदन मांगे

**बांसवाड़ा,** (निसं)। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एव विकास सहकारी निगम लि. अनुजा निगम की ओर से स्वरोजगार ऋण उपलब्ध कराने के लिए 30 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। अन्य पिछडा वर्ग अनुसूचित जाति वर्ग अनुसूचित जनजाति वर्ग सफाई कर्मचारी, स्वच्छकार वर्ग, दिव्यांगजन वर्ग की ऋण योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के निर्धारित लक्ष्यो के अन्तर्गत उपरोक्त वर्गों के व्यक्तियो के आर्थिक उत्थान के लिए आर्थिक सहायता कार्यक्रमो के संचालन के लिए वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अन्तर्गत गरीब परिवारों को स्वरोजगार ऋण उपलब्ध कराने के लिए रियायती ब्याज दर पर आवेदन पत्र आमन्त्रित किये हैं।

# श्रीश्याम जन्मोत्सव पर भजन संध्या में थिरके श्रद्धालु

**राजसमंद,** (निसं)। प्रभु श्री खाटूश्याम के जन्मोत्सव पर मंगलवार रात को कांकरोली पुराना बस स्टैण्ड पर श्याम सेवा समिति और जेसी ग्रुप वेलफेयर सोसायटी के सान्निध्य में आयोजित भजन संध्या में गायकों ने भक्ति के ऐसे सुर छेडे कि श्रद्धालु भोर तक पाण्डाल में जमे रहने को मजबूर हो गए।

भजन संध्या का शुभारंभ गायक उमेश पुरोहित ने गणपति वंदना व बालाजी महाराज की वंदना प्रस्तुत करते हुए की। इसके बाद उन्होंने श्याम आयेंगे-आयेंगे श्याम आयेंग और थाने

■ **श्री खाटूश्याम के जन्मोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन**




**श्री खाटूश्याम के जन्मोत्सव पर आयोजित भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुति देते कलाकार।**

हेला पे हेला देऊ मारी मां भजनों की प्रस्तुतियों से भक्ति का महौल बनाया। इसके बाद गायिका मंजू गुर्जर ने हंसता रे हंसता ठाकुरजी पधारिया व खम्मा रे खम्मा म्हारा सांवरिया सरकार ने घणी खम्मा... भजन पेश करके चारभुजानाथ व सांवरिया सेठ को नमन किया। इसके बाद गायक योगेश शर्मा गुरु और मंजू गुर्जर ने जुगलबंदी करते हुए म्हारी कुटिया पधारो दीनानाथ जिमाऊ थाने मेजबानी... भजन पेश कर अपनी गायकी का लोहा मनवाया। इसके बाद नागौर से आए गायक महावीर सांखला ने गुरु वंदना पेश करने के बाद भक्ति के स्वर छेडे। उन्होंने कौनी भूलूं सा गुण थारो, सदगुरू सा म्हारो जन्म सुधारो, चरण चाकरी देद्यो चरना में पडियों रेश्यूं, भजन पेश किया। वहीं, जब उन्होंने तेजाजी बावजी का भजन तेजल म्हारी लिलन सिणगारी एवं म्हारा हंसला रे उड जा उड जा हंसले वाली चाल भजन पेश किया तो श्रद्धालु इसकी धुन पर भावनृत्य किए बिना नहीं रह पाए। कार्यक्रम की अगली कडी में डीजे किंग के नाम से प्रसिद्ध भीलवाडा के गायक प्रेम शंकर जाट ने तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना भजन से शुरुआत करने बाद जैसे ही खाटू वालो सेठ सांवरो आज आयो पावणों सगला नाचो-नाचो भजन पेश किया तो श्रद्धालु श्रद्धा भाव से नृत्य करने लगे। इसके बाद उन्होंने सेठां में सेठ म्हारो सांवरियो सेठ, वारे सांवरिया मंडफिया वाला एवं सुन ले सांवरा मंडफिया वाला काली गाडी लाणी है... जैसे भजनों पर श्रद्धालुओं को बराबर नचाए रखा। इसके बाद उन्होंने गायिका मंजू गुर्जर के साथ म्हारा चारभुजा रा नाथ म्हारा गडबोयिा रा श्याम थे तो काला पन घणा रुपाला भजन पेश किया। वहीं, भक्तों की फरमाइश पर गाडियां-गाडियां और होटलां पे नाम लिख्यो सांवरिया को... भजन पेश करके एक बार फिर श्रद्धालु को भावों से झूमने को मजबूर कर दिया। इसके बाद कार्यक्रम की अंतिम कडी में एक बार फिर महावीर सांखला ने महाराणा प्रताप पर मायड थारो वो पूत कठे... गीत की प्रस्तुति दी। वहीं, देश भक्ति तराने के साथ संदेशे आते हैं हमें तडपाते हैं व यह देश है वीर जवानों का जैसे गीतों से पाण्डाल को देशभक्ति का रंग दिया। वहीं, अंत में जेसी ग्रुप के सदस्य नरेंद्रसिंह की स्मृति में मेरे दोस्त लौट के आजा की प्रस्तुति से माहौल को भावुक कर दिया।

## मॉडल प्रतियोगिता में माही प्रथम

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित बीएन गर्ल्स कॉलेज में भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से जिला स्तरीय मॉडल एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्राचार्या डॉ अपर्णा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में विज्ञान के प्रति रूचि पैदा करना तथा आने वाले समय में किस प्रकार के टेक्नोलॉजी की आवश्यकता है, उसके बारे में ज्ञान प्राप्त करना रहा है। उपाचार्य डॉ इन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि छात्राओं ने वर्तमान एवं भविष्य की जरूरतों को मॉडल एवं पोस्टर के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया है। भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ सांत्वना बापना ने बताया कि मॉडल प्रतियोगिता में छात्राओं ने बहुत ही आकर्षक मॉडल्स का निर्माण किया है जिनमें प्रमुख मेन्स्ट्रल साइकल, लेटेस्ट डायलिसिस प्रोसेस, ऑटोमेटिक कार चार्जिंग, रॉकेट लांचिंग प्रोसेस, फेफडों का कार्य, आंखों से इमेज फॉरमेशन, लेटेस्ट एग्रीकल्चर प्रोसेस, वाहनों की गति से ऊर्जा का उत्पादन, कम्प्यूटर नेटवर्किंग, स्मार्टसिटी आदि प्रोजेक्ट थे। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय विकसित भारत 2047 रखा गया। जिसमें छात्राओं ने 2047 के भारत का अनोखा रूप अपने पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम माही सांखला, द्वितीय तन्वी जोशी(एलपीएस स्कूल), तृतीय खुशी अजमेरा तथा पिंसी शर्मा (आलोक स्कूल) ने प्राप्त किया।

# ब्रह्मकुमारी विवि के नवीन परिसर का किया भूमि पूजन




**प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि के नवीन परिसर के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करती संस्था की राजस्थान जॉन प्रभारी।**

**बांसवाड़ा,** (निसं)। शास्त्री नगर अगरपुरा में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नवीन परिसर का भूमि पूजन संस्था की राजस्थान जॉन प्रभारी पूनम व रीटा दीदी के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में नगर परिषद सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल व पार्षद श्याम राणा मौजूद रहे। प्रारंभ में उदयपुर जॉन प्रभारी रीटा दीदी ने स्वागत उद्बोधन दिया।

राज्य जॉन प्रभारी पूनम दीदी ने कहा कि हमारा उद्देश्य स्व से विश्व परिवर्तन है वहीं ईश्वरीय ज्ञान देकर राजयोग के माध्यम से भीतर की शक्तियों को जगाकर परमात्मा से मन के तार जोडकर आंनद की अनुभूति कैसे प्राप्त हो यह सिखाया जाता है। सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि संस्था के सेंटरों द्वारा मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वच्छ मन व तन से निरोगी बनाने के प्रयास सराहनीय है। भाजपा जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्था वर्षो से समाज में नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार कर रही है। यह संस्था समाज को शांति, संयम और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि नवीन केंद्र से न केवल क्षेत्र में बल्कि दूरदराज के लोगों को भी ईश्वर से जुडने, सकारात्मकता को अपनाने और आत्मिक उन्नति का मार्ग प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि यह आध्यात्मिक केंद्र समाज में नई चेतना का संचार करेगा। पार्षद श्यामा राणा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति संकल्पिक होकर अपने जीवन में दिव्य गुणों को धारण करे। इस अवसर पर गोपीराम अग्रवाल, नरेश तलदार, अनिल मेठानी, हरेश लखानी व विजय महावर का सम्मान किया गया। स्वागत गीत की प्रस्तुति पीनल ने दी।

